

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https:// dainikyashonnati. com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 71 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 08 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख लगाएगी 'सीखो, कमाओ योजना' - वैभव पवार

### *युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-योजना से युवाओं को जोड़ने अभियान चलाएगा मोर्चा*




सिवनी यशो:- प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बीते 4 जुलाई को जिस 'सीखो कमाओ योजना' का शुभारंभ किया है, वह एक अद्भुत और अभूतपूर्व योजना है। युवाओं के हित में इस तरह की योजना पहले कभी लागू नहीं की गई। यह योजना युवाओं के सपनों को पंख लगा देगी। युवा मोर्चा इस योजना को नीचे तक पहुंचाने और इसका लाभ प्रदेश के युवाओं तक पहुंचाने के लिए जुलाई माह में विशेष अभियान चलाएगा। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस योजना को लागू करने के लिए मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को प्रदेश के युवाओं की ओर से धन्यवाद भी दिया।

***युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाएगी योजना***

युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार ने कहा कि सीखो कमाओ योजना उन युवाओं के लिए वरदान साबित होने वाली है, जो कुछ सीखकर अपने आपको सक्षम बनाना चाहते हैं, किसी नए व्यवसाय में हाथ आजमाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत अनेक विधाओं का प्रावधान किया गया है, जिनमें प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्रदेश सरकार की ओर से 8 हजार, 8.5 हजार, 9 हजार और 10 हजार रुपये स्टायपेंड दिया जाएगा। श्री पवार ने कहा कि इस योजना को लागू किए जाने से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रदेश के संवेदनशील मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान युवाओं के भविष्य की कितनी चिंता करते हैं। निश्चित रूप से यह योजना प्रदेश के युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाएगी।

***युवा मोर्चा चलाएगा अभियान***

श्री पवार ने कहा कि इस योजना का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के लिए युवा मोर्चा जुलाई माह में विशेष अभियान चलाएगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में पत्रकार-वार्ताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही युवा मोर्चा कार्यकर्ता इस योजना में पंजीयन कराने के लिए युवाओं को प्रेरित करेंगे, योजना की जानकारी देंगे। योजना से युवाओं को जोड़ने के लिए प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में युवा स मेलन आयेजित किए जाएंगे। साथ कै पस ओरिएंटेड कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

***युवाओं को पार्टी से जोड़ेगा युवा मोर्चा***

श्री पवार ने कहा कि पूर्व में युवा मोर्चा द्वारा नवमतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए युवा चौपाल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। प्रदेश के 15180 स्थानां पर नवमतदाता युवा चौपाल लगाने का काम किया, जिसमें 6 लाख 70 हजार युवाओं ने सहभागिता की। जो पूरी तरह सफल रहे हैं। इसी कड़ी में युवा मोर्चा प्रदेश के युवाओं को पार्टी से जोड़ने और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाने के लिए अगले तीन महीनों में लगातार कार्यक्रम आयोजित करेगा। अगस्त माह में युवा संकल्प यात्रा और तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। सित बर माह में युवा टाउन हॉल और संभागीय स मेलन आयोजित किए जाएंगे।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन की पहल पर आज कातलबोड़ी में नेत्र शिविर

सिवनी यशो:- आज शनिवार 08 जुलाई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा आयोजित द्वितीय निः शुल्क नेत्र शिविर ग्राम कातलबोडी में होगा। सांई नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वीरेंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत कल 08 जुलाई प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक द्वितीय शिविर ग्राम कातलबोडी के आयुर्वेदिक औषधालय भवन में आयोजित है। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा नेत्र जांच की जावेगी। शिविर में आने वाले नेत्र रोगियों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। उक्त शिविर में नेत्र रोगियों से अधिक से अधिक सं या मे पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह है।

## राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

सिवनी यशो:- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिये राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2008 से प्रारंभ की गई है। 2023-24 हेतु चयन परीक्षा 24 सितंबर 2023 को आयोजित की जाना है। चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 12000 (बारह हजार रूपये) के मान से कक्षा 9 से 12 तक छात्रवृत्ति दी जाती है।

म.प्र.राज्य में स्थित केवल शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त/स्थानीय निकाय द्वारा संचालित विद्यालयों में वर्ष 2023-24 में कक्षा 8 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी ही इ परीक्षा हेतु पात्र होंगे जिन्दोंने कक्षा 7 में कम से कम सी ग्रेड प्राप्त किया है एवं जिनके अभिभावकों की सकल वार्षिक आय 3.50 लाख से अधिक नहीं है। इस परीक्षा के लिये कोई भी शुल्क देय नहीं है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2023 निर्धारित है।

## विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में लगातार सहयोग कर रहे है-बाबा पाण्डे




सिवनी यशो:- पीजी कालेज सिवनी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को सहित महाविद्यालयीन विद्यार्थियो के मार्गदर्शन व कालेज संबंधी कार्यो के निष्पादन में सहयोग हेतू महाविद्यालय में हेल्प डेस्क बनाकर पीजी कालेज सिवनी जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडे ने अनुपम पहल की है इस पहल के साथ हेल्प डे स में बाबा पाण्डे भी सहयोग करते हुए विद्यार्थियो की हर समस्या को अपने व महाविद्यालय स्तर पर समाधान करने का प्रयास कर दिख रहे है ओर विद्यार्थीयों के द्वारा सराहना की जा रही है

## ओबीसी के अपमान का दोषी माना अदालत ने, कांग्रेस कोस रही भाजपा को - आलोक

सिवनी यशो :- कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी लोगों को

**राहुल गांधी को किसी का अपमान करने का अधिकार नहीं**

अपमानित करना अपना अधिकार समझते है तो कानून का भी अधिकार है और कानून अपने हिसाब से काम कर रहा है । कांग्रेस के विरोध में चाहे कोर्ट फैसला दें या आमजनता उसमें कांग्रेस बौखला जाती है और भाजपा को कोसना चालू कर देती है शुक्रवार को गुजरात हाई कोर्ट ने राहुल गांधी को ओबीसी वर्ग को अपमानित करने का दोषी



होना सही पाया और निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया तो कांग्रेस ने भाजपा के विरोध में अनर्गल आरोप लगाते हुये बौखलाहट दिखाकर अपनी लोकतंत्र विरोधी छवि का नग्न प्रदर्शन करना प्रारंभ कर दिया ।

उक्ताशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही । श्री दुबे ने कहा कि कोई कैसे कह सकता है कि सारे मोदी चोर हैं. राहुल गांधी कुछ भी बोल देंगे ? और मोदी समाज के लोग कुछ नहीं करेंगे । मोदी समाज का अपमान करने वाले पर कानूनी कार्यवाही करना उनका अधिकार है । श्री दुबे ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की जुबान पर कंट्रोल नहीं है. यह एक गैरजि मेदार अहंकार है. राहुल गांधी के अंदर एक खानदान में पैदा होने का अधिकार है । गुजरात हाईकोर्ट ने 'मोदी सरनेम' पर टिप्पणी के खिलाफ मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत नहीं दी है. कोर्ट ने राहुल की सजा पर रोक लगाने से इनकार करते हुए सत्र न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा.

श्री दुबे ने कहा कि जहां तक मानहानि का सवाल है तो राहुल गांधी आदतन ऐसी टिप्पणियों करते रहते है जो जि मेदार व्यक्ति को नहीं करना चाहिये श्री दुबे ने कहा कि अगर राहुल गांधी की राजनीतिक टिप्पणियों को देखें तो वे विदेश जाकर भारत के लोकतंत्र की मानहानि करते हैं, भारत की संस्थाओं की मानहानि करते हैं और अब तो मीडिया की भी मानहानि करते हैं. अब तो वे पत्रकारों को भी नहीं छोड़ते हैं. वे जेएनयू जाते हैं और टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़े हो जाते हैं. सेना को लेकर खून की दलाली की बात करते हैं. इन्होंने राफेल को लेकर चौकीदार चोर है अभियान चलाया और बाद में जनता ने जवाब दिया. इसके बाद उन्होंने माफी मांगी. उनके खिलाफ 7-8 मानहानि के केस चल रहे हैं ।

कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के बोलने पर कंट्रोल नहीं करती और भाजपा को कोसने का काम करती है कांग्रेस को चाहिये कि उनको ठीकठाक बोलने की ट्रेनिंग दें । श्री दुबे ने कहा कि अगर इस ओबीसी मामले में वे माफी मांग लेते तो मामला खत्म हो जाता. कोर्ट ने उन्हें माफी मांगने का मौका भी दिया, जिस पर उन्होंने कहा कि मैं सावरकर नहीं हूं कि माफी मांगू. इस सावरकर के पोते ने भी केस किया. इसके बाद विदेश में भी उन्होंने सावरकर का अपमान किया।

## टास्क फोर्स समिति की बैठक स पन्न

सिवनी यशो:- कले टर क्षितिज सिंघल अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएफओ उत्तर वासु कनोजिया, डीएफओ दक्षिण, जिला परिवाहन अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में कले टर श्री सिंघल ने खनिज विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों से जिले स्थित रेत उत्खनन स्थलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/ भण्डारण पर प्रभावी रेकथाम लागए जाने तथा खनिज राजस्व की वसूली करने के साथ ही अवैध उत्खनन करने वालों पर स त कार्यवाही करने तथा अवैध खनिज उत्खनन में संलिप्त वाहनों एवं मशीनों पर भी जप्ती कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारी को निर्देश दिए गए।

## राज्यपाल ने छिंदवाड़ा और साँची विश्वविद्यालयों का प्रभार सौंपा

भोपाल - राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा और साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, साँची के कुलपतियों के कार्यों के संपादन के लिए राज्य शासन की अनुशंसा अनुसार प्रभारी व्यवस्था की है।

राज्यपाल श्री पटेल ने बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, साँची के कुलपति का प्रभार प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग को सौंपा है। इसी तरह राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा कुलपति का प्रभार क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर डॉ. लीला भलावी को सौंपा है। इस विश्वविद्यालय का प्रभार अभी तक कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के पास था।

## समपार फाटकों की ओव्हर हॉलिंग कार्यो के दौरान मसपार फाटकों से यातायात अवरूध्द रहेगा

सिवनी यशो:- वरिष्ठ अनुविभागीय अभियंता रेल पथ दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि 9 जुलाई से रात्रि से समपार फाटकों की ओव्हर हॉलिंग का कार्य प्रारंभ किया जाना है। इस कारण अस्थाई रूप से यातायात बंद रहेगा। कार्य अनुसार भोमा-सिवनी का कार्य 9 जुलाई रात्रि 10 बजे से 10 जुलाई सुबह 6 बजे तक, भोमा-सिवनी का कार्य 10 जुलाई रात्रि 10 बजे से 11 जुलाई सुबह 6 बजे तक, सिवनी पीपरडही 11 जुलाई से रात्रि 10 बजे से 12 जुलाई तक 6 बजे तक समपार फाटक पर यातायात बंद रहेगा।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री कुलस्ते की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक स पन्न

सिवनी यशो:- जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में शुक्रवार 07 जुलाई 23 को कले ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन, विधायक सिवनी दिनेश राय, विधायक केवलारी राकेश पाल, नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान, जनपद अध्यक्ष बरघाट, छपारा, धनौरा एवं नगर परिषद छपारा, लखनादौन, बरघाट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कले टर क्षितिज सिंघल, अपर कले टर सी एल चनाप, डीएफओ उत्तर एवं दक्षिण, अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ए.के.सिंह सहित सभी स बन्धित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वप्रथम केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते द्वारा पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन के संबंध में विभागों द्वारा किए गए कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित सिद्धघाट, संगमघाट और बंडोल जल प्रदाय योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान पूर्ण कार्यों एवं योजना से लाभांवित ग्रामों तथा योजना के लाभ से छूटे ग्रामों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समय सीमा में कार्यों को पूर्ण न करने वाली संबंधित ऐजेंसियों को ब्लेक लिस्टेड



करने, शेष छूटे ग्रामों को भी योजना में शामिल करते हुए अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम के प्रत्येक घर तक पानी पहुँचने तथा जल जीवन मिशन योजना से लाभांवित ग्रामों भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते नें पीएमजीएसवाई एवं अन्य सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुल-पुलियों, सड़क निर्माण कार्यो की प्रगति की भी जानकारी लेते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ करने तथा क्षेत्रीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके क्षेत्र स्थित कुछ ग्रामों में सुदूर सड़क एवं पुल-पुलियां के निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन प्रेषित करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए। इसी तरह केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते द्वारा वर्तमान में जिले बोए क्षेत्रफल का रकबा, उगाई जाने वाली फसलों की जानकारी तथा खाद-बीज उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की, उन्होंने सभी कृषकों को पात्रतानुसार खाद- बीज प्रदाय करने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों द्वारा मक्का बीज एडवान्टा-247 के अंकुरित न होने की जानकारी से केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते को अवगत कराया गया, जहां मंत्री श्री कुलस्ते ने उक्त बीज विक्रय पर त्वरित प्रतिबंध लगाने तथा सेंपल जांच कराते हुए संबंधित कंपनियों पर कार्यवाही करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए।

केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने उत्तर एवं दक्षिण वनमंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं प्रगतिरत पुल पुलिया, सड़क निर्माण कार्यो की जानकारी प्राप्त की। इसी तरह विभाग द्वारा वर्तमान समय में रोपित किये जा रहे पौधों, पौधों की प्रजाति, रोपित रकबा तथा विभाग द्वारा काष्ठ विक्रय, तेंदु पत्ता सहित अन्य संसाधन से प्राप्त राजस्व की जानकारी प्राप्त की तथा लाभांश राशि से फारेस्ट अंतर्गत पड़ने वाले ग्रामों में विकास कार्य करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह उन्होंने बांस से विभिन्न सामग्री निर्माण कर जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों को पर्याप्त मांगानुरूप बांस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्री ढालसिं?ह बिसेन द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से ग्रामीणों को शहद का उत्पादन एवं जंगलों में लगने वाली मधुर्मा खयों को तोड़ने का प्रशिक्षण प्रदाय कराने की बात कही, ताकि ग्रामीण शहद विक्रय कर एक अच्छी आय प्रापत कर सकें।

बैठक में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते को अवगत कराया गया। जहां मंत्री श्री कुलस्ते ने संबंधित विभागाधिकारियों को त्वरित समस्याओं का अवलोकन करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह उन्होंने विगत दिवस लखनादौन में हुई अति वर्षा में जनहानि, पशु हानि सहित अन्य नुकसानी का सर्वे कार्य करवाकर त्वरित आर्थिक सहायता राशि प्रदाय करवाने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में कले टर श्री सिंघल द्वारा केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते को लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन एवं योजना से लाभांवित महिलाओं की जानकारी दी गई। बैठक में कले टर श्री सिंघल ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को भारत सरकार द्वारा अनाथ, निर्धन, असहाय बच्चे के समग्र विकास, शिक्षा व्यवस्था हेतु संचालित मिशन वात्सलय योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा जनप्रतिनिधियों से स्थानीय स्तर पर उक्त योजना से योजना के पात्रताधारी बच्चों का अधिक से अधिक सं या चिन्हांकन कराकर योजना से लाभांवित करने की अपील करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीएमओ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए।

### जबरन नॉलेज






दलसागर विसर्जन घाट के सामने पिपलेश्वर हनुमान मंदिर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रत्येक शनिवार को सावन के पवित्र महीने में शाम 6:00 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा समिति ने आग्रह किया है कि इसमें अधिक से अधिक सं या में सनातन धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित होकर पूण्य लाभ उठाएं।

# 6 जुलाई 1905 सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म

**रमेश शर्मा-**


भारतीय स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसने समाज में स्वत्व का वोध कराया । यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पायेंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डा केशव हेडगेवार तक ऐसे असं य हुतात्माएं हुई हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया।

एक तो स्वयं सीधा संघर्ष किया और संघर्ष के लिये स्वाधीनता सेनानी भी तैयार किये और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। जिससे जाग्रत होकर समाज संघर्ष के लिये सामने आया। लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिये समर्पित रहा।

लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 6 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था । उनके पिता दातेजी लोक मान्य तिलक जी के अनुयायी थे इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था, लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुई । उनके बचपन का नाम कमल दाते था लेकिन विवाह के बाद वे लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं । उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था।

पुरुषोत्तम जी विदुर थे यह उनका दूसरा विवाह था। दोनों की आयु में अंतर भी था, लक्ष्मी बाई की आयु भले अभी कम थी पर वे मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व हो रहीं थीं । विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यो में भी सहभागी बनीं । यह वह काल-खंड था जब स्वाधीनता के लिये अहिसंक आँदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था । यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे । पूरा विदर्भ मानों इन अभियानों का हिस्सा था यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा था । यह इस आँदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गाँधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केन्द्र बनाया । अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नि लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते।

गाँधी जी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था इसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था। वे सामाजिक जागरण के लिये तीन काम करतीं थीं । एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाड्मय के उदाहरणों से





सामाजिक समरसता का वातावरण बनातींथीं । इसके लिये उन्होंने अपने घर में अनुसूचित समाज के बंधुओ को सहयोगी के रूप जोड़ा हुआ था। और तीसरा राम चरित्र मानस के प्रवचन से साँस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना । वे मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है । एक बार जब गाँधी जी ने एक सभा में दान की आव्हान किया तो उसी क्षण लक्ष्मीबाई ने अपने गले से सोने की चैन उतारकर गाँधी जी को समर्पित कर दी थी।

उनका वैवाहिक जीवन अधिक न चल सका । वे अभी मात्र 27 वर्ष की थीं कि 1932 मे पति का देहान्त हो गया । उनके पास दोहरा दायित्व आ गया । परिवार में एक विधवा नंद भी रहतीं थीं । लक्ष्मी बाई ने अपने बच्चों के साथ उन्हें भी सहेजा। लक्ष्मीबाई ने अपनी आवश्यकताएं सीमित कीं पर न बच्चों का शिक्षण रोका न अपनी सामाजिक गतिविधियाँ कम कीं।

उन्होंने अपने घर का कुछ हिस्सा किराये पर उठाया इससे भी कुछ लाभ हुआ । अपनी सामाजिक सक्रियता के चलते वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा केशव हेडगेवार के संपर्क में आयीं । उन्होंने नमक सत्याग्रह में भी भाग हिस्सा लिया किंतु डा हेडगेवार की सलाह पर जेल नहीं गईं और बाहर रहकर सामाजिक जागरण एवं स्वतंत्रता आँदोलन के लिये टोली तैयार करने का काम जारी रखा जो पति की मृत्यु के बाद और तेज हुआ । उनके द्वारा तैयार टोलियों ने विदर्भ में चलने वाले हर आँदोलन में लिया। महिलाएं कीर्तन करते हुये प्रभात फेरी निकालती चरखा और खादी का संदेश देतीं थीं । उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संस्थापक डा हेडगेवार की सलाह पर वर्धा में 1936 में स्त्रियों के लिए ÷राष्ट्र सेविका समिति÷ नामक संगठन की नींव रखी । इसके लिये भारत भर की यात्रा की और संगठन के कार्य को विस्तार दिया । 1945 में राष्ट्र सेविका समिति का पहला राष्ट्रीय स मेलन हुआ।

यह वह समय था जब देश के विभाजन वादी शक्तियां प्रबल हो रहीं थीं । अंग्रेजी सरकार का उन्हें संरक्षण था इस नाते उनकी हिंसक गतिविधियाँ बढ़ गईं थीं । विशेषकर बंगाल पंजाब और सिंध में हिन्दु समाज की महिलाओं में एक भय का वातावरण बनने लगा था । लक्ष्मी बाई केलकर ने अपने संगठन के माध्यम में महिलाओं में संगठित रहने और आत्म विश्वास जगाने का अभियान चलाया देश की स्वतन्त्रता एवं विभाजन से समय वे सिंध में थीं । उन्होंने हिन्दू परिवारों को भारतीय सीमा में सुरक्षित पहुँचने के प्रबन्ध किये।

उन्होंने महिलाओं में जाग्रति के लिये बाल मन्दिर, भजन मण्डली, योगा यास केन्द्र, बालिका छात्रावास आदि अनेक प्रकल्प प्रार भ किये । वे राम चरित्र मानस पर बहुत सुन्दर प्रवचन देतीं थीं । जिनमें संतान के निर्माण, परिवार के निर्माण, समाज के निर्माण और सामाजिक एकत्व का संदेश होता था । वे आजीवन राष्ट्र और समाज की सेवा में लगीं रहीं । वे शरीर से भले 27 नव बर 1978 को नश्वर शरीर छोड़कर संसार से विदा हुई पर उनकी आभा आज भी समाज में प्रतिबिंबित हो रही है । उनके द्वारा गठित राष्ट्र सेविका समिति राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति जागरण का प्रतीक बन गयी । जो समाज में संस्कार और पारिवारिक विमर्श का वातावरण बना रही है।

उनका संकल्प आज बृहद और वैश्विक रूप ले रहा है । उनका संकल्प और विचार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह भारत के इतिहास में स्त्रीशक्ति जागरण और सशक्तिकरण की बड़ी घटना थी । लक्ष्मी बाई केलकर ने महिलाओं को अनुशासित सेविका बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान आरंभ कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांत, विचार एवं उद्देश्य के आधार पर नारी शाखा आरंभ की थी । वर्तमान में भारतवर्ष में राष्ट्र सेवा समिति की लगभग पाँच हजार से अधिक शाखाएं संचालित हो रहीं हैं।

समिति का कार्य अपने ध्येय-सूत्र के साथ अल्प समय में ही प्रभावशाली उपलब्धियां अर्जित करने लगा । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भाँति राष्ट्र सेविका समिति के भी प्रतिवर्ष मई-जून में सामान्यतः पंद्रह दिनों के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष के प्रशिक्षण शिविर आयोकित किए जाते हैं। इन शिविरों में बौद्धिक, शारीरिक और आत्म-रक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह शिविर नागपुर तथा अन्य स्थानों पर आयोजित किये जाते हैं।

जिस प्रकार संघ का अपना गणवेश है, उसी प्रकार समिति का भी अपना एक गणवेश है। जैसे संघ में प्रचारक होते हैं, वैसे ही समिति में भी प्रचारिकाएं होती हैं। वर्तमान में अड़तालीस प्रचारिकाएं भारतवर्ष के विभिन्न भागों में सेवा प्रदान कर रही हैं।

समिति में एक प्रावधान लघु अवधि की पूर्णकालिक कार्यकर्ता का भी है, जिन्हें विस्तारिका कहा जाता है। यह दो वर्ष की समयावधि के लिए होता है. जिसमे स्वयंसेविका अपना पूरा समय समिति के कार्य के लिए समर्पित करती हैं।

लक्ष्मी बाई केलकर ने अपने व्या यान में कई अवसर पर कहा है कि महिला, परिवार और राष्ट्र के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करती है । जब तक शक्ति को जागृत नहीं किया जाता तब तक परिवार समाज और राष्ट्र जाग्रत नहीं होगा ।उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग और आव्हान आज भी अनुकरणीय हैं । अब समिति द्वारा बहुमुखी कार्य भी किए जा रहे हैं।

समिति के अनेक सेवा प्रकल्प प्रारंभ किये हैं, जिनमें छात्रावास, चिकित्सालय, उद्योग, भजन मंडल आदि

राष्ट्र सेविका समिति का कार्य केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व के कई देशों में फैला हुआ है। ब्रिटेन, अमरीका, मलयेशिया, डर्बन, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका में भी समिति की स्वयंसेविकाएं सक्रिय हैं।

लक्ष्मी बाई केलकर का व्यक्तित्व और कृतित्व भारत में प्रत्येक परिवार और विशेष कर नारी शक्ति की क्षमता मेधा और प्रज्ञा शक्ति का एक अनुकरणीय उदाहरण है । जो सदैव स्मरणीय और वंदनीय है।

# सीएम शिवराज के निर्देश पर सीधी पेशाबकांड के पीड़ित को 5 लाख की मदद, आवास निर्माण के लिए भी दिए जाएंगे डेढ़ लाख रुपये

भोपाल। मध्य प्रदेश का सीधी पेशाबकांड सुर्खियों में बना हुआ है. ये मामला सामने आने के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने तुरंत ऐ शन में आई. इसके बाद आरोपी को गिर तार किया गया. उस एनएसए लगाया गया है. वहीं इन सबके बीच सरकार की ओर पीड़ित के ज मों पर मरहम लगाने की कोशिशें भी जारी है. पहले सीएम शिवराज ने गुरुवार को पीड़ित दशमत रावत के पैर धोए और मांगी.

वहीं अब सीएम शिवराज के निर्देश पर सीधी के कले टर ने पीड़ित दशमत रावत को पांच लाख की मदद दी है. यही नहीं पीड़ित के आवास निर्माण के लिए भी 1.50



लाख रुपये की आर्थिक मदद भी स्वीकृत की गई है. सीधी के कले टर ने ट्वीट करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मु यमंत्री के निर्देशानुसार दशमत रावत को पांच लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की गई है. उनके घर के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए की आर्थिक मदद भी स्वीकृत की गई है.

**सीएम शिवराज ने मांगी माफी**

इस पेशाबकांड के आरोपी प्रवेश शु ला को मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात गिर तार कर लिया गया था. दरअसल, पीड़ित दशमत रावत पर प्रवेश शु ला ने पेशाब किया था. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था. वीडियो के वायरल होने के बाद से ही शिवराज सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई थी. वहीं इन सबके बाद सीएम ने दशमत रावत से माफी भी मांगी. इतना ही सीएम ने पीड़ित के पैर भी धोए. सीएम ने पीड़ित के पैर धोते हुए वीडियो भी अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की.

वीडियो के वायरल होने के बाद से ही शिवराज सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई थी. वहीं इन सबके बाद सीएम ने दशमत रावत से माफी भी मांगी. इतना ही सीएम ने पीड़ित के पैर भी धोए. सीएम ने पीड़ित के पैर धोते हुए वीडियो भी अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की. साथ ही सीएम ने लिखा ÷यह वीडियो मैं आपके साथ इसलिए साझा कर रहा हूँ कि सब समझ लें कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान है, तो जनता भगवान है, किसी के साथ भी अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. राज्य के हर नागरिक का स मान मेरा स मान है.÷

# एशियन गे स-2022 में अब तक म.प्र. अकादमी के 25 खिलाड़ियों का चयन

भोपाल। आगामी 23 सित बर से 8 अ टूबर तक चीन के हांग्जो में 19वीं एशियन गे स-2022 की शुरूआत होगी। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की वजह से एशियन गे स को स्थगित किया गया था। इन एशियन खेलों में एक बार पुनः मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अपनी पूरी तैयारी के साथ भारत का परचम लहराने के लिए तैयार हैं। प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रबंधन, वर्ल्डे लास अधो-संरचना और प्रोत्साहन से आज मध्यप्रदेश की पहचान स्पोर्ट्स हब के रूप में बन गई है।

चीन के हांग्जो में होने वाले 19वीं एशियन गे स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के लगभग 23 खिलाड़ियों ने अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। अब तक वाटर स्पोर्ट्स, शूटिंग, घुड़सवारी, एथेलेटि स के खिलाड़ी शामिल हैं।

एशियन गे स में चयनित खिलाड़ी मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के शुभम केवट, विश्वजीत सिंह कुशवाह, कु. शिखा चौहान, कु. आहना यादव, केनो स्लालम में भारतीय टीम के लिए चयनित हुए हैं। कु. नेहा ठाकुर, कु. शीतल वर्मा, कु. हर्षिता तोमर- सेलिंग, अर्जुन सिंह, नीरज वर्मा, नितिन वर्मा, कु. शिवानी वर्मा, कु. कावेरी, कु. ओ. बिनीता देवी` याकिंग-केनोइंग में एशियन गे स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोइंग में म.प्र. वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की कु. रू मणी दांगी और अकादमी की पूर्व खिलाड़ी कु. अंशिका भारती का चयन किया गया है। वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की ही पैरा केनो के खिलाड़ी कु. प्राची यादव और मनीष कौरव भारतीय` याकिंग केनोइंग टीम का हिस्सा होंगे।

म.प्र. राज्य घुड़सवारी अकादमी के स्टार घुड़सवार राजू सिंह एशियन गे स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यप्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी के शंकर पाण्डे फेंसिंग के ई.पी एकल और टीम इवेंट में भारतीय टीम में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और कु. आशी चौकसे रायफल शूटिंग में और अकादमी की ही कु. मनीषा कीर शॉटगन ट्रेप इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही कु. प्रीति रजक, जो अकादमी की पूर्व खिलाड़ी रही हैं, शॉटगन के ट्रेप ईवेंट में भारतीय टीम में शामिल होंगी।

मध्यप्रदेश एथेलेटि स अकादमी की एसोसिएट मेंबर रही कु. दीक्षा 1500 मीटर में तथा कु. सपना बर्मन हेप्थलॉन ईवेंट में 19वीं एशियन गे स भारतीय ऐथलेटि स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# विक्षिप्त युवती को दुष्कर्म से बचाने वाले युवकों को पुलिस ने स मानित किया



भोपाल। मध्य प्रदेश के आगरा मालवा जिले में एक विक्षिप्त महिला के लिए दो युवा फरिश्ता बन गए। उन्होंने न केवल उसे दुष्कर्म से बचाया बल्कि दरिंदे को पकड़कर पुलिस के सुपूर्द भी किया। पुलिस ने दोनों युवाओं का स मान किया है। महिला सेल की थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने बताया कि 22 साल की एक मानसिक विक्षिप्त महिला के साथ बिहार का एक मजदूर गलत काम कर रहा था। महिला ने चीख-पुकार मचाई तो वहां से गुजर रहे दो युवाओं ने हि मत दिखाई। महिला को उसके चुंगल से आजाद करवाया। साथ ही पुलिस को बुलाकर आरोपी को उसके सुपूर्द किया। दोनों युवाओं को इस बहादुरी के लिए स मानित किया गया है। उन्होंने समाज को अच्छा संदेश भी दिया है कि कहीं भी अगर कुछ गलत हो रहा है तो उसे रोकना हमारा कर्तव्य है। संबंधित आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। साथ ही महिला के परिवार की तलाश की जा रही है।

मनोज सिंह ने बताया कि हम बड़ोद से डीजल लेकर आ रहे थे। बाइक पर थे। तभी झाड़ियों में से एक महिला के चीखने की आवाज आई। वहां जाकर देखा तो एक बिहारी मजदूर उसकी इज्जत लूट रहा था। हमने उसे पकड़ा। 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को बुलाया और उसके सुपूर्द कर दिया।

# 13 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म करने वाले दरिंदों के घर जमींदोज, चला प्रशासन का बुलडोजर

इंदौर। कले टर डॉ इलैया राजा टी के निर्देश पर आज इंदौर में एक बड़ी कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि इंदौर में 13 वर्षीय आदिवासी बच्ची के साथ मुस्लिम समुदाय के तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। उन तीनों ने घर पर अकेली अच्छी को देख कर उसे छत पर पकड़ के ले गए। ये तीनों आरोपी आदिवासी लड़की के घर पर सरिया काटने के काम के लिए आए थे। ऐसे में लड़की को अकेला देख तीनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। गुरुवार के दिन का ये मामला है।

आरोपियों में से दो के नाम रईस



है और एक का नाम गट्टू उर्फ़ अकरम है। तीनों आरोपितों को पुलिस द्वारा गिर तार कर लिया गया है। वहीं तीनों के आवास पर कले टर के निर्देश के बाद बुलडोजर चलाए गए। कले टर के निर्देश पर जिला प्रशासन और पुलिस के संयुक्त बल द्वारा दुष्कर्म के आरोपी का माकन धराशयी कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, मु य आरोपी अरमान उर्फ घट्टू द्वारा ग्राम काजी पलासिया में खुट्टेल स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 246 रे या 1.185 हे टेयर मद रास्ता और सर्वे नंबर 257 रकबा 0.631 हे टेयर मद चरणोई भूमि पर अवैध रूप से वर्ग फुट का पक्का मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे कले टर डॉ इलैयाराजा टी के आदेशानुसार एसडीएम अक्षय सिंह मरकाम एवं पुलिस वासन द्वारा आज तड़के हटाया गया।

# बारिश से मिली तेज गर्मी से राहत

मंडला यशोः- गुरूवार की शाम को अचानक हुई बारिश से तेज चिपचिपी गर्मी से काफी राहत मिली है। जिले में इस वर्ष 1 जून से 6 जुलाई 2023 के दौरान 308 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 224.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 83.5 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को बिछिया में 10.2 मि.मी. तथा घुघरी में 1.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 6 जुलाई 2023 को 1.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# लड़कियों के छात्रावास में मुर्गा पार्टी, महिला अधीक्षक और शिक्षक सस्पेंड

भोपाल। मध्यप्रदेश के शिवपुरी में नशीले गाने पर लाइंग किस वाले डांस से लेकर टीकमगढ़ के स्कूल में महिला कर्मचारी के साथ वो वाले डांस तक, एक के बाद एक शिक्षकों के कई मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला डिंडोरी से आया है। यहां बालिका छात्रावास में रात के समय मुर्गा पार्टी हुई जिसमें शराब भी भरोसी गई। इस कार्यक्रम के चीफ गेस्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य थे और छात्रावास की महिला अधीक्षक ने अपने छात्रावास में इस आपत्तिजनक कार्यक्रम का आयोजन किया था।

**कले टर ने छात्रावास अधीक्षक और शिक्षक को सस्पेंड किया**

डिंडोरी जिले की तहसील बजाग में संचालित कस्तूरबा बालिका



छात्रावास में शराब और मुर्गा पार्टी करने का मामला सामने आया था। इस मामले में छात्रावास की महिला अधीक्षक कौशल्या परस्ते और शिक्षक कालका प्रसाद मार्को को सिविल सेवा आचरण अधिनियम के उल्लंघन करने पर निलंबित किया गया है। आरोप है कि कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल बजाग के प्राचार्य साहब सिंह मरावी द्वारा शिक्षक के साथ मिलकर यह कृत्य कराया गया। इसका खुलासा रसोइया लमिया बाई द्वारा किया गया था। बालिका छात्रावास में रात में पुरुषों के जाने का मामला भी कले टर ने गंभीरता से लिया है।

**प्राचार्य साहब सिंह मरावी के निलंबन का प्रस्ताव**

कले टर द्वारा गुरुवार को प्राचार्य साहब सिंह मरावी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजा है। पत्र में उल्लेख किया गया कि उनके द्वारा कस्तूरबा छात्रावास अधीक्षक कौशल्या परस्ते, रसोईया की संलिप्तता से प्राचार्य जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करने के बाद भी छात्रावास में नानवेज बनवाया गया, जो छात्रावास नियमों के विरुद्ध लापरवाही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि इससे छात्राओं की सुरक्षा पर भी प्राचार्य ने मनमानी बरती है। छात्रावास अधीक्षक कौशल्या परस्ते, प्राथमिक शिक्षक बिजोरा को निलंबित कर विकास खंड शिक्षा अधिकारी बजाग कार्यालय अटैच किया गया है। इसी तरह कालका प्रसाद मार्को शिक्षक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल बजाग को निलंबन करने के बाद बीईओ कार्यालय बजाग अटैच किया गया है।

# मोहब्बत की दुकान के नाम से नफरत का सामान बेच रही कांग्रेसः राजपाल सिंह सिसोदिया

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री राजपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के सरगना, भारत तेरे टुकड़े होंगे जैसे देश विरोधी नारे और सेना के अधिकारियों को रेपिस्ट कहने वाले भारत देश से असम और नार्थ-ईस्ट को अलग करने का सपना देखने वाले उमर खालीद के प्रिय मित्र और कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने अपनी छात्र इकाई एनएसयूआई का राष्ट्रीय प्रभारी बनाकर देश की युवा पौध के साथ छलावा व खिलवाड़ करने का काम किया है। ये वही कन्हैया कुमार हैं जो जेएनयू में रहकर छात्रों के अंदर जहर घोलने का काम करते थे। कांग्रेस हमेशा ऐसे लोगों का संरक्षण करती आई है और सहारा देती रही है, यही कांग्रेस का असली चरित्र और चेहरा है। कांग्रेस के इस निर्णय से निश्चित रूप से महात्मा गांधी की आत्मा दुखी हुई होगी।

उन्होंने कहा कि कन्हैया कुमार को कांग्रेस कमेटी ने अपनी छात्र इकाई एनएसयूआई का राष्ट्रीय प्रभारी बनाया है। कांग्रेस ने यह निर्णय किस मजबूरी में लिया है, आज पूरा देश यह जानता चाहता है। इस देश में कांग्रेस की एक पुरानी आदत रही या ये कहें कि मजबूरी रही है कि जो लोग देश विरोधी बात करते हैं, देश को बांटने की राजनीति करते हैं ऐसे लोगों को कांग्रेस सिर माथे पर बैठाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि वहीं कन्हैया कुमार जब जेएनयू में छात्र राजनीति करते समय नारा लगाते थे कि जॉइन एनएसयूआई टुडे, लूटो इंडिया टुमारो। आज उसी नारे को लगाने वाले एनएसयूआई के प्रभारी बनते हैं।

श्री राजपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि एनएसयूआई कहने को जरूर कांग्रेस का छात्र संगठन है, परंतु उस छात्र संगठन में वैचारिक रूप से कोई पुष्ट छात्र नेता नहीं था, जिसे राष्ट्रीय प्रभारी बनाया जा सके। उसके लिए उन्हें कहीं न कहीं जेएनयू के कु यात सरगना को अपना नेता बनाना पड़ा। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई की अगर हम बात करें तो मध्य प्रदेश में एनएसयूआई का संगठन जिला एवं प्रदेश स्तर पर धराशाही है। कहीं जिला इकाई भंग है तो कहीं प्रदेश टीम का अता-पता नहीं है। एनएसयूआई सिर्फ कांग्रेस के कागजों में ही सिमटकर रह गई है।

यशोन्नति



# नागरिकों को वर्षाजनित समस्याओं से बचाने सक्रिय रहे प्रशासनिक अमला - मु यमंत्री

**कले टर्स को दिए निर्देश**

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्षाकाल के आगमन के साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को वर्षाजनित समस्याओं से बचाने के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय रहे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कले टर्स को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिले में ऐसे क्षेत्रों जहाँ अधिक वर्षा की स्थिति में जलभराव होता है, वहाँ पूर्व से आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कले टर्स को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा वर्षाजनित रोगों की रोकथाम और प्रभावितों के उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जाए।

**किसानों के लिए खाद के भंडारण की व्यवस्था करें**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कले टर्स को दिए निर्देश दिए हैं कि खरीफ के लिए किसानों को खाद की उपलब्धता और आवश्यक भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह देख लें कि किसी क्षेत्र में खाद और उर्वरक की आपूर्ति और उपलब्धता में कमी न हो। मु यमंत्री श्री चौहान ने नर्मदापुरम सहित विभिन्न जिलों में मूंग की खरीदी के संबंध में भी कले टर्स से चर्चा की।

# राज्यपाल श्री पटेल ने छिंदवाड़ा और साँची विश्वविद्यालयों का प्रभार सौंपा

भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा और साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, साँची के कुलपतियों के कार्यों के संपादन के लिए राज्य शासन की अनुशंसा अनुसार प्रभारी व्यवस्था की है।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, साँची के कुलपति का प्रभार प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग को सौंपा है। इसी तरह राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा कुलपति का प्रभार क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर डॉ. लीला भलावी को सौंपा है। इस विश्वविद्यालय का प्रभार अभी तक कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के पास था।

# फसल बीमा जागरूकता रथ रवाना

मंडला यशोः- 6 जुलाई को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम खरीफ़ 2023-24 की फसलों का ऋणी व अऋणी कृषक संबंधित वित्तीय संस्थाओं (व्यवसायिक/ग्रामीण/सहकारी बैंक) व कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवाकर योजना में समिलित हो सकते हैं। इस संबंध में जिले के कृषकों में फसल बीमा के प्रति जागरूकता लाने व प्रचार-प्रसार के लिए उपसंचालक कृषि के द्वारा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ़इंडिया लिमिटेड के प्रचार रथ को कृषि कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।




उपसंचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौसम खरीफ़ 2023 के लिए अधिकृत पटवारी हल्का अंतर्गत किसानों की फसलों का बीमा करने के लिए बैंकों द्वारा प्रीमियम जमा किए जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। बैंक द्वारा किसानों के लिए भारत सरकार की फसल बीमा पोर्टल पर समय-सीमा में प्रविष्टि किया जाना आवश्यक है। बोई गई फसलों की बाढ़ प्रतिकूल मौसम प्राकृतिक आपदाओं से क्षति की स्थिति में बीमित फसल के नुकसान होने पर और किसानों की आय जोखिम को कम करने के लिए सरकार द्वारा किसान हितैषी योजना फसल बीमा में अधिक से अधिक किसान जुड़े तथा अऋणि किसान ए.आई.सी. प्रतिनिधि बैंक जनसेवा केंद्र तथा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से निर्धारित तिथि तक फसल बीमा करा सकते हैं। बीमा के लिये दस्तावेजों में भू-ऋण अधिकार पुस्तिका, बी1 की छायाप्रति, बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, पटवारी द्वारा जारी फसल बुवाई का प्रमाण पत्र एवं प्रीमियम राशि की आवश्यकता होगी।

# मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजनखापाबजार में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने लोगों को वोट के महत्व के प्रति किया जागरूक

सिवनी यशोः- सिवनी जिले में लोगों को मतदान के लिए शासन प्रशासन की ओर से जागरूक किया जा रहा है। वहीं आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए कले टर व जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार स पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित हैं।

जिसको लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल खापाबजार शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और सभी वर्ग के मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताया गया। आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही लोगों से कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है।



वहीं यह भी कहा कि मतदान आपका अधिकार है और आप अपने मत का उपयोग अपने विवेक के अनुसार कर सकते हैं। इसलिए मतदान अवश्य करें। इस मौके पर बड़ी सं या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। और ग्राम के विभिन्न अहम चौक चौराहों से रैली निकालकर मतदान हेतु नारे लागये।

# डंगावानी उपसरपंच पर जानलेवा हमला, पीड़ित ने कहा आरोपियों पर धाराएँ बढाई जाये

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के डंगावानी ग्राम के उपसरपंच पर बीते दिवस चाकू से हमला करने का एक मामला सामने आया था। इसके बाद थाने में शिकायत भी दर्ज हुई। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को उपसरपंच राधेश्याम प्रजापति परिवार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और लिखित आवेदन दिया। आरोपियों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई की मांग की।



उपसरपंच ने बताया कि उसने कुछ लोगों के भ्रष्टाचार की शिकायत लगातार अधिकारियों को की। इसके कारण उसे मारने का प्रयास किया। आरोपियों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर उपसरपंच ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। बताया जाता है कि लखनादौन थाना अंतर्गत चमारी गांव के उप तहसील कार्यालय के पास बीती रात के अंधेरे में कुछ लोगों ने उपसरपंच को रोककर चाकुओं से हमला किया था। फायरिंग भी की। इसके कारण वह घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी छपारा पुलिस को दी। 108 एंबुलेंस और छपारा पुलिस की मदद से उपसरपंच को अस्पताल लाया गया। राधेश्याम प्रजापति को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में लाकर भर्ती कराया। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया।

7 जुलाई को राधेश्याम ग्राम डांगावानी ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में कहा कि मेरे ऊपर उपतहसील चमारी रोड के पास अज्ञात 3 लोगों ने प्राणघातक हमला चाकू और पिस्टन से किया। इसकी एफआईआर छपारा थाना में की गई। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति पर कम से कम धारा छपारा पुलिस ने लागाई है। इसे बढ़ाकर धारा 307 लागाई जाए।

# अमरनाथ यात्रा पर जा रहे यात्री का किया स मान

केवलारी यशोः- पवित्र धाम अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे यात्री का स मान स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों के द्वारा किया गया और उन्हें सफलता पूर्वक यात्रा संपन्न करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। गौरतलब है कि केवलारी से स्थानीय व्यावसाई मयंक तिवारी शुक्रवार की शाम को अमरनाथ की यात्रा पर रवाना हुए। इसके पहले मयंक का केवलारी मु यालय में एक आयोजन कर स मान किया गया। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने तीर्थयात्री का माला, श्रीफल और शॉल ओढ़ाकर स मान किया। इस दौरान नगरपरिषद सभापति प्रशांत तिवारी, डॉ अविनाश तिवारी, रवि बघेल, तोपसिंह पहलवान, अमित तिवारी, राघव द्विदी, रामफल यादव, नारायण पटेल, लता सराठे, वर्षा यादव, प्रीति जंघेला, विशाल झारिया, राजेश यादव, रफीक खान, सत्येंद्र परते, राजुल झारिया, अभिषेक साहू आदि उपस्थित रहे।



# विधायक दिनेश राय मुनमुन के शुभहस्ते किया गया मार्गो का भूमिपूजन

## सड़कों का निर्माण उन्नति की दृष्टि से महत्वपूर्ण है - दिनेश राय मुनमुन

सिवनी यशोः- शुक्रवार, दिनांक 07 जुलाई को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के हस्ते विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दो मार्गो का भूमिपूजन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक श्री राय प्रातः 09:00 बजे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मुंगवानी कलां में आयोजित मार्ग निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम में मु य अतिथि के रुप मे पहुंचे। जहां पर आपने 597.34 लाख लागत से निर्मित किये जाने वाले 03 किमी ल बे ग्राम भाटीवाडा से ग्राम मुंगवानी कलां (पुल सहित) मार्ग का भूमिपूजन किया। इसके पश्चात विधायक श्री राय ग्राम मारबोडी पहुंचे। जहां पर भी आपके शुभ हस्ते 471.99 लाख लागत से निर्मित किये जाने वाले 5.90 किमी ल बाई के ग्राम मारबोडी से ग्राम हिनोतिया मार्ग का विधि विधान से पूजन कर मंत्रोच्चार के साथ जनप्रतिनिधियों व गणमान्य जनों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उक्त ग्रामों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा विधायक श्री राय की ढोल-बाजों एवं फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत कर भव्य आगवानी की गयी। इस दौरान श्री राय उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव-गांव में बेहतर सड़कों का निर्माण हो यह भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सरकार की पहली प्राथमिकता है।



इसलिए गांव-गांव मे सड़कों का निर्माण कर ग्रामीण जनों को आवागमन में बेहतर सुविधा प्रदान करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। विधायक श्री राय ने कहा कि सड़कें एक गांव से दूसरे गांव और शहर से जोड़ती है। सड़कों का निर्माण उन्नति की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। निश्चित ही क्षेत्र में सड़कों के निर्माण से आवागमन सभी के लिए सरल और सुगम होने के साथ ही क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय बढ़ाने मे सहायक सिद्ध होगी। इस गरिमामय अवसर पर दिलीप सनोडिया जी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुंगवानी, सुरेश सनोडिया, बृजेश राजपूत विधायक प्रतिनिधि जनपद, योगेन्द्र जैन मंडल महामंत्री, श्रीमती दीपा अंकित ठाकुर सरपंच मुंगवानी, अजीत सिंह गुडडा भैया, अरुण उपाध्याय, राम वर्मा, जसवंत बघेल, अनिल उपाध्याय, ओमकार सनोडिया सरपंच मनौरी, श्रीमती लक्ष्मी सिरसाम सरपंच मारबोडी, श्रीमती ममता परिहार उपसरपंच, टेकराम सनोडिया, दिलीप परिहार, सुदेश ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, मोहनलाल यादव, संदीप ठाकुर जी, देवेन्द्र सिंह, रमेश सिंह, रघुनंदन सिंह, ओम ठाकुर सहित बडी सं या मे ग्रामीण जनों व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते ने की जनसेवा मित्रों से मुलाक़ात

मंडला यशोः- केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने मंडला जिले के मोहगांव ब्लॉक के सभी जनसेवा मित्रों से गुरूवार को मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान जनसेवा मित्रों से शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक भी लिया। उन्होंने ग्राम के अंतिम पात्र व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने की बात कही। साथ ही इन योजनाओं के क्रियान्वयन होने में आने वाली समस्याओं के बारे में भी जनसेवा मित्रों से बात की। श्री कुलस्ते ने शासन के सभी योजनाओं को सही से क्रियान्वित करने तथा जनसेवा मित्रों को फील्ड के दौरान आने



वाली समस्याओं से निपटने के लिए सुझाव भी दिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करते हुए ब्लॉक व जिले के विकास को नई गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गांव का विकास ही देश का विकास है।

# मु यमंत्री ने केप्टन विक्रम बत्रा की शहादत को किया नमन

## केप्टन बत्रा के बलिदान दिवस पर किया स्मरण

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कारगिल विजय के नायक, केप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर उनकी शहादत को नमन किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट में कहा कि ÷कारगिल युद्ध में अभूतपूर्व वीरता का परिचय देकर भारत की विजय-गाथा लिखने वाले, माँ भारती के अमर सपूत परमवीर चक्र विजेता केप्टन विक्रम बत्रा जी के बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन। माँ भारती की रक्षार्थ आपका अमूल्य बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। कारगिल विजय के नायक, केप्टन विक्रम बत्रा जी का बलिदान इतिहास के पन्नों में अमर रहेगा।÷

# सिल्लोर में बाघ खा रहा था गाय

सिवनी यशोः- जिले की कुरई विकास खंड के अंतर्गत आने वाले रुखड़ रेंज के सिल्लोर क्षेत्र में एक मवेशी को खाते हुए बाघ लोगों को दिखाई दिया। इसके बाद लोगों में दहशत का माहौल है। इस पूरी घटना का वीडियो लोगों ने बना लिया। घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी।



बताया जा रहा है कि यह वीडियो रात्रि का है। यहां कुछ लोग सिल्लोर तरफ जा रहे थे। वहीं रास्ते में लोगों को मवेशी को खाते हुए एक बाघ दिखाई दिया। इसे देखकर लोगों ने अपने वाहन रोक लिए और गाड़ी की लाइट में उसका वीडियो बना लिया। कुछ देर बाद लोगों की आहट सुनकर बाघ भागने लगा। जब लोगों ने वाहन से उसका पीछा किया तो वह जंगल की तरफ भाग गया।

इस घटना को देखने के बाद लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सड़क मार्ग में रात्रि के समय लोगों का लगभग 1 घंटे आना जाना बंद रहा। वन विभाग को जानकारी देने के बाद वन अमल पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गया है। साथ ही लोगों को समझाइश दी जा रही है कि सावधानी बरतें। यदि उन्हें कहीं बाघ का मोमेंट दिखाई देता है तो उसकी जानकारी शीघ्र वन विभाग को दें।

इस मामले में रुखड़ रेंजर दानसिंह उइके का कहना है कि रात्रि में एक मवेशी का मांस खाते हुए बाघ लोगों को दिखा। यह घटना सही है। हमने गश्ती बढ़ा दी है। जिस जगह बाघ का मूवमेंट था, वहां सर्चिंग की जा रही है।

# सुसाइड नोट लिखकर गायब हो गया वकील, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

भोपाल। मंदसौर में न्यायालय परिसर में अपनी टेबल पर सुसाइड नोट लिखकर एक वकील अचानक गायब हो गया। इसकी खबर लगते ही बार एसोसिएशन के सदस्य एकत्र हुए। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पूरे शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। गायब हुए वकील की तलाश शुरू की। अब तक वकील का कुछ भी पता नहीं चल सका है।

एडवोकेट धर्मेंद्रसिंह सोलंकी गुरुवार दोपहर करीब 1ः30 बजे के आसपास न्यायालय परिसर में स्थित अपनी बैठक पर सुसाइड नोट और अन्य सामान छोड़कर चला गया। वकील की मोटरसाइकिल वही खड़ी थी। सुसाइड नोट का पता लगते ही वकील साथी और पुलिस सक्रिय हुई। पूरे शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। धर्मेंद्र को एक फुटेज में न्यायालय परिसर की घाटी उतरते देखा गया। वह अंबेडकर चौराहे तक पैदल गया और वहां से किसी की बाइक पर सवार होकर पुलिस पेट्रोल पंप चौराहे पर पहुंचा। उसने अपना मोबाइल भी बंद किया। इसके बाद सीतामऊ रोड की बस में बैठा। डिगांव उतरा। फिर कयामपुर की तरफ निकला। सीसीटीवी में आगे की लोकेशन का कुछ भी पता नहीं लगा है। इसके बाद पुलिस और वकील धर्मेंद्र की तलाश में निकले। फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है। धर्मेंद्र के साथियों का कहना है कि वह इतना कमजोर नहीं है कि आत्महत्या का कदम उठा लें।

**टेबल पर छोड़ गया था सुसाइड नोट**

शहर कोतवाली टीआई अमित सोनी ने बताया कि एडवोकेट धर्मेंद्र सोलंकी अपनी टेबल पर कागजात और डायरी छोड़कर चला गया है। सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है। छानबीन की जा रही है।

# 10 जुलाई को इंदौर में एक लाख लाड़ली बहनों सहित प्रदेशभर की बहनें लेंगी शपथ

*** मुख्यमंत्री चौहान इंदौर के सुपर कॉरीडोर ग्राउण्ड से करेंगे बहनों को संबोधित**

*** लाड़ली बहनों के खातों में दूसरी किश्त की राशि डाली जाएगी**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की पहल है। लाड़ली बहनें विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलवाने के लिए भी आगे आ रही हैं। प्रदेश के जिलों में समाज के लिए कुछ करने के भाव से लाड़ली बहनों ने खुद पहल की है। राज्य शासन ने लाडली बहनों को सार्थक भूमिका के निर्वहन के लिए प्रशिक्षण भी दिया है। यह प्रशिक्षण समाजोपयोगी सिद्ध होगा।

मु यमंत्री श्री चौहान सोमवार 10 जुलाई को इंदौर से प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों के खाते में मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि सिंगल लिक से अंतरित करेंगे। वे प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद लाड़ली बहनों को वर्चुअली संबोधित भी करेंगे। मु यमंत्री 10 जुलाई को धार जिले में हो रहे लाड़ली बहना स मेलन में भी हिस्सा लेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कले टर्स इंदौर से राज्य स्तरीय एवं जिलों के कले टरों से जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की है।

**प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को मिलेगी ट्रेनिंग**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक जिले में गठित लाड़ली बहना सेना की सदस्यों को विशेष ट्रेनिंग मॉड्यूल का लाभ मिल रहा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में यह प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। मु यमंत्री श्री चौहान ने सभी जिलों को यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सभी लाड़ली बहनें प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित होंगी। प्रदेश में लाड़ली बहना सेना के गठन के बाद समस्त नाम पोर्टल पर दर्ज भी किए गए हैं। डीबीटी से संबंधित श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रदेश में आगर मालवा अव्वल स्थान पर है, जहां कुछ ही प्रकरणों में डीबीटी कार्य शेष है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कले टर आगर-मालवा और जनप्रतिनिधियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने समस्त जिलों में यह कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए हैं।

**अद्भुत योजना है, कोई कर्मकांड नहीं**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह अद्भुत योजना है। यह कोई कर्मकांड नहीं है। लाड़ली बहना सेना की सदस्य महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बनेंगी। जिन हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलना है उनके लिए लाड़ली बहना सेना की सदस्य नेतृत्वकारी भूमिका का निर्वहन करेंगी। नागरिकों को सजग बनाने, सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति और महिला अत्याचार के मामलों को नियंत्रित करने में भी लाड़ली बहना सेना की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मु यमंत्री श्री चौहान 10 जुलाई को इंदौर के सुपर कॉरिडोर ग्राउंड में मौजूद लगभग एक लाख बहनों के साथ ही पूरे प्रदेश में वर्चुअल रूप से जुड़ी लाखों लाड़ली बहनों को संबोधित करेंगे। कर्तव्य निर्वहन के लिए लाड़ली बहनों को शपथ दिलवाई जाएगी, जिससे वे दायित्व बोध के साथ अपने कार्य को व्यवस्थित रूप दे सकेंगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए इंदौर में स्थानीय प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**योजना के प्रति जिलों में उत्साह का वातावरण**

मु यमंत्री श्री चौहान को कले टर्स द्वारा जानकारी दी गई कि मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रति काफी उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम की जोर-शोर से तैयारी की जा रही हैं। बहनों द्वारा मु यमंत्री श्री चौहान को 101 फीट की विशाल राखी भेंट की जाएगी। स्वराज संस्थान के सहयोग से महिला स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी देने वाली चित्र प्रदर्शनी भी लगेगी। लाड़ली बहना स मेलन में विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। इंदौर में जानकी बैंड की प्रस्तुति, भगोरिया लोक नृत्य, अन्य जनजातीय लोक नृत्य प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा महिला स्व-सहायता समूह, महिला उद्यमियों और स्टार्टअप से जुड़ी बहनों की रचनात्मक गतिविधियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। चित्रकला और रंगोली की साज-सज्जा के साथ ही पिंक सायकिल रैली भी निकलेगी।

